# पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ बीती छह फरवरी को गांव रणखंडी निवासी ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल करने एवं परिजनों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया।

पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को स्टेट हाइवे स्थित पीलर नबंर दस के निकट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी दीपक कुमार उर्फ फंडर निवासी रणखंडी के खिलाफ गांव के ही छाया पट्टी निवासी विपिन ने उस पर हत्या की नियत से धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने और परिजनो के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद से पुलिस से उसे तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी पॉक्सो एक्ट, आर्म्स एक्ट और धारा 394, 411 के अंतर्गत मामले दर्ज हैं। जिसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# गैंगरेप के आरोपी ने न्यायालय में किया सरेंडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गैंगरेप के मामले में वांछित चल रहे तथाकथित किसान नेता नौशाद त्यागी ने पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जबकि पुलिस कोर्ट के बाहर उसकी इंतजार ही करती रही।

बता दें, कि भाकियू सिद्धार्थ के तथाकथित नेता नौशाद त्यागी पर एक युवती ने प्रेमजाल में फंसा शादी का झांसा देकर लंबे समय तक अनैतिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। गत दो फरवरी को पुलिस ने युवती की तहरीर पर नौशाद समेत कई तीन साथियों के विरुद्ध गैंगरेप और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोपी तभी से फरार चल रहे हैं। पुलिस को चकमा देकर मुख्य आरा. पी नौशाद न्यायालय में पेश हो गया। जबकि उसको पकड़ने के लिए पुलिस बाहर खड़ी रही। बाद में अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया।

# बलिदान दिवस के रूप में बनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** धार्मिक नगरी देवबंद में ब्राह्मण समाज द्वारा बलिदानी क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में बनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने यूजीसी कानून के खिलाफ आगामी 8 मार्च को दिल्ली में आंदोलन का ऐलान भी किया।

देवीकुंड रोड स्थित आश्रम पर आयोजित हुए कार्यक्रम में अखंड भारत एक भारत निर्माण का संकल्प लिया गया। युवा ब्राह्मण नेता रोहित कौशिक ने कहा की बलिदानी चंद्रशेखर आजाद देश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। समाज के युवाओं को चंद्रशेखर आजाद को अपना आदर्श मानकर आगे बढ़ना होगा। कहा कि भाजपा सरकार यूजीसी कानून के नाम पर स्वर्ण समाज को बर्बाद करने की साजिश रच रही है जिसे किसी कीमत पर



कबूल नहीं किया जाएगा। इसके विरोध में दिल्ली में पूरे देश का स्वर्ण समाज इक;ा होगा। एनआरआई राकेश शर्मा ने कहा कि सवर्ण समाज अपनी ताकत को पहचानें और यूजीसी जैसे काले

**■ वक्ताओं ने यूजीसी कानून के खिलाफ आगामी 8 मार्च को दिल्ली में आंदोलन का किया ऐलान**

कानून को किसी भी सूरत में लागू न होने दे। आचार्य वासुदेव भारद्वाज व राजीव पंडित ने कहा कि सवर्ण समाज यूजीसी के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ेंगा। रविंद्र गुरुजी, मोहन फौजी, शुभम वत्स, संजय ठाकुर, रूद्र त्यागी ने कहा कि अब समय आ गया है कि अपने हक के लिए आर पार की लड़ना होगा। अध्यक्षता हनुमान धाम के महंत पंडित संत शर्मा ने की। आचार्य मोहित शर्मा, शिवम शर्मा, तुषार शर्मा, शुभम वत्स, रविंद्र गुरुजी, मोहन फौजी, विशाल त्यागी, संजय ठाकुर, राजीव शर्मा, अभिषेक पंडित, विनय पंडित, निकुंज दीक्षित, अजय पंडित आदि शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं ने आधुनिक एवं नवीन इनोवेटिव मॉडल किए प्रस्तुत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस फेयर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने आधुनिक एवं नवीन इनोवेटिव मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान की रोचक और प्रेरणादायक गतिविधियां देख दर्शकों ने बच्चों की जमकर प्रशंसा की।

दून हिल्स एकेडमी प्रांगण में आयोजित साइंस फेयर में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा बनाया गया स्पेस मिशन मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा न्यू फिल्ट्रेशन यूनिट, बौहर एटॉमिक मॉडल, रिएक्टिविटी सीरीज ऑफ मेटल्स, पीरियॉडिक टेबल तथा सक्सेसफुल स्पेस मिशन बाय इसरो मॉडल की भी दर्शकों ने जमकर प्रशंसा की। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने भी केमिस्ट्री के अनेक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। साइंस फेयर में शिक्षक सावन कुमार और प्राची का विशेष योगदान रहा।

स्कूल के चेयरमैन डा. प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सबसे बेहतर माध्यम हैं।



डायरेक्टर तनुराज वर्मा व प्रिंसिपल डा. अंजली पंवार ने कहा कि प्रस्तुत सभी मॉडल की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित स्कूल के समस्त स्टाफ समेत नगर क्षेत्र के काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

# स्वयं सेवकों ने पौधरोपण, जल संरक्षण व पर्यावरण सुरक्षा विषयों पर बनाए चार्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस शिविर में चौथे दिन स्वयं सेवियों ने चार्ट बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विविध पर्यावरणीय एवं जन जागरुकता कार्यक्रमों की कड़ी में स्वयं सेवकों ने चार्ट निर्माण किया। उन्होंने पौधरोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा विषयों पर सुंदर चार्ट बनाए। बाद में शिवरार्थियों ने कार्यक्रम अधिकारी डा. शाहनजर के नेतृत्व में गांव लालवाला में रैली निकाल पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ, जल है तो कल है और वन है तो जीवन है आदि नारों से पर्यावरण की सुरक्षा करने का आह्वान किया। प्राचार्य डा. गौरव बलियान ने कहा




कि वन प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर डा. मोहम्मद आरिफ, डा. विनीत कुमार, डा. कुसुमलता, डा. टीना, डा. राकेश आदि स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

## 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

**मेरठ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नम्रता सिंह प्रथम ने बताया कि 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ के मार्गदर्शन में विभिन्न न्यायालयो में लम्बित जोकि राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड पर अपलोड है आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद, जल व विद्युत बिल अशमनीय वादों को छोड़कर, वैवाहिक विवाद विवाह विच्छेद तालाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण वाद, वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वादो जनपद न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लम्बित मात्र आदि वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# एसडी कॉमर्स में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर एक भाषण/पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य डा. सचिन गोयल, विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला, डीन डा. नवनीत वर्मा आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया तथा सभी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की शुभकामनाएं दी। इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करनाष रही। विज्ञान विभाग के विद्यार्थियो ने इसी थीम पर अपनी भाषण व पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन प्रस्तुत की एवं सभी को विज्ञान के क्षेत्र में नवीन उपलब्धियो से अवगत कराया। विज्ञान विभाग द्वारा अयोजित प्रतियोगिता में सिमरन शर्मा, गरिमा, सानिया, शिवांगी, कृतिका भारद्वाज, ज्योति, आरोही त्यागी, मानसी, मरियम, आयुषी, सूफिया, रूद्र चौधरी, चित्रांश, अस्तित्व, राहुल व शिवम् आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुबा को मिला द्वितीय स्थान मानसी को दिया गया । तृतीय स्थान आयुषी को मिला तथा सांत्वना पुरूस्कार गार्ा. रमा व सिमरन शर्मा का को मिला । प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में मति एकता मित्तल, डा. मानसी, व सपना रहे। प्रतियोगिता का संचालन मति मोनिका पंवार के द्वारा किया गया।

प्राचार्य डा0 सचिन गोयल के द्वारा छात्र/छात्राओं को एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई संचालित तकनीको के विषय में जानकारी दी गई, जो न केवल महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सेवा वितरण और पहुंच को मजबूत करते हैं बल्कि उत्पादकता, नवाचार और विकास में मापने योग्य योगदान भी देते हैं, जिससे समावेशी और न्यायसंगत विकास को बढ़ावा मिलता



है। अन्त में विभागाध्यक्षा डाद्द मो. निका रूहेला ने मुख्य वक्ता, शिक्षकों व सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि देश के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच का प्रसार आवश्यक है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जैसे आयोजन वैज्ञानिक .ष्टिकोण के प्रसार में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

विज्ञान के द्वारा ही हम समाज के लोगों का जीवन स्तर अधिक से अधिक खुशहाल बना सकते हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डा. सौरभ जैन, डा. ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, डा. महेन्द्र सिंह, डा. नीरज कुमार, ओमकार सिंह, डा. मोनिका पंवार, रजत धारीवाल, डा. वर्तिका, अना. मिका शर्मा, डा. बिन्दु, डा. नीतू पंवार, प्रियंका जैन, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, राखी धीमान, प्राची बिंदल, कमर रजा, नितिन गोयल, दीपक, महक, राधिका व मुसन्निफ आदि का सहयोग रहा।

# एस.डी. इंजीनियरिंग मिलन उत्सव संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होली के पावन अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भव्य मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 210 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आनंददायक एवं यादगार रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे परिसर में रंग, उमंग एवं भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकृसमूह




नृत्य, एकल गायन, कविता पाठ एवं अभिनयकृने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए हमिस्टर एवं मिस फ्रेशर तथा हमिस्टर एवं मिस पॉपुलरह का चयन किया गया। बी.टेक प्रथम वर्ष से मिस्टर फेशर प्रियंश त्यागी एवं मिस फेशर शगुन वत्स रहीं, जबकि मिस्टर पॉपुलर गातुम धीमान एवं मिस पॉपुलर तनिष्का चुनी गईं। बी. ए. प्रथम वर्ष से मिस्टर फ्रेशर गुरमीत एवं मिस फ्रेशर अपना चुनी गईं। वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मिस्टर एवं मिस फेयरवेल का चयन किया गया। बी.टेक अंतिम वर्ष से मिस्टर फेयरवेल नितिन कुमार एवं मिस फेयरवेल ईशिता सिंघल रहीं। एमबीए से मिस्टर फेयरवेल अथर एवं मिस फेयरवेल कुलसूम चुनी गईं।

# दौराला गंगनहर पुल से युवक ने लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के दौराला गंगनहर पुल से शनिवार को एक 22 वर्षीय युवक ने अचानक गंग. नहर में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक पुलिस व गोताखोर युवक की तलाश में जुटे रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोमती नगर निवासी मो. हसिन फेरी लगाकर कास्मेटिक का सामान बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है।

उसका पुत्र अजीम (22) भी पिता के काम में हाथ बंटाता था। बताया गया कि शनिवार को अजीम दौराला गंगनहर पुल के पास स्थित घाट पर पहुंचा और कुछ देर तक वहां टहलता रहा। इसके बाद वह पुल पर चढ़ गया और अचानक गंगनहर में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक को छलांग लगाते देख शोर मचाया और उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंगनहर में तेज बहाव होने के कारण वह देखते ही देखते पानी में बह गया। घटना की सूचना



युवक के चाचा मोहिन पुत्र शहीदू को मिली, जो उस समय अपनी दुकान पर थे, जबकि अजीम के पिता मो. हसिन फेरी पर गए हुए थे। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस से तत्काल गंगनहर में सर्च अभियान चलाने की मांग की। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था और सर्च अभियान जारी था।

## एसडीएम साहब! भाग संख्या 304 पर नहीं है कोई बीएलओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 49 दक्षिण विधानसभा निवासी अनीस अहमद ने शाह टाइम्स से बातचीत करते हुए कहा कि उनकी वोट भाग संख्या 304 में है। वोट बनवाने के लिए जाते हैं तो बताया जाता है कि बीएलओ नहीं है। सुपरवाइजर बनाए गये आदेश अमीन का भी यही कहना है कि इस क्षेत्र में कोई बीएलओ नहीं है। शाह टाइम्स ने इस विषय में दक्षिण विभानसभा की निर्वाचन अधिकारी दीक्षा जोशी से बात की तो उन्होंने कहा कि बीएलओ है आप मुझे लिखित में भेजों। पीड़ित के अनुसार वह मैडम के कार्यालय में प्रार्थना पत्र रिसीव करा चुका है। इसके अलावा शाह टाइम्स संवाददाता द्वारा मैडम को मामले से अवगत कराया गया। पीड़ित अनीस अहमद के अनुसार अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है न ही इस विषय में उनसे अभी तक किसी ने पूछताछ भी की है। सवाल है कि यदि शिक्षित मतदाताओं को इतने धक्के खाने पड़ रहे हैं तो कम पढ़े लिखे मतदाताओं का क्या हाल होगा, यह विचारणीय है।

# संगीतम 2026 में कवि महफिल ने रचा इतिहास

**■ शोभित विवि में शायरी की रात, शब्दो की बरसात कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक महापर्व संगीतम 2026 ऊर्जा का उत्सव के दूसरे दिन परिसर साहित्य, संवेदना और संगीत के अनुपम संगम से सराबोर दिखाई दिया। दिनभर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जिस कार्यक्रम ने सबसे अधिक प्रभाव डाला, वह रही देर शाम सजी भव्य कवि महफिल, जहां शब्दों ने दिलों पर दस्तक दी और शायरी ने आत्मा को छू लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ऊर्जावान फ्लैश मॉब से हुई। जहां योग विद्यार्थियों ने अनुशासन और तालमेल का अद्भुत प्रदर्शन कर वातावरण को जोश से भर दिया। एग्री-डांस, बायोटेक डांस, फूड चैलेंज, बॉलीवुड फ्यूजन और रैप प्रतियोगिताओं ने युवाओं की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति को नई ऊंचाइयां दीं। शास्त्रीय एकल नृत्य ने भारतीय परंपरा की गरिमा को मंच पर जीवंत कर दिया।

## जब शायरी बनी शाम की सरताज

काव्य संध्या में देश के प्रतिष्ठित शायरों ने अपने शब्दों से ऐसा जादू रचा कि पूरा सभागार देर तक तालियों की गूंज से गूंजता रहा। अजहर इकबाल ने बदलते सामाजिक मूल्यों पर मार्मिक टिप्पणी करते हुए कहा जाने वो बच्चे कहां किन रास्तों पर खो गए, जो बड़े बूढ़ों को जाते थे नमन करते हुए। और प्रेम की परिभाषा को नई ऊंचाई देते हुए सुनाया।

प्रेम में संपूर्ण हो जाने का मतलब है यही, कृष्ण हो जाए अगर मीरा भजन करते हुए। हिमांशी बाबरा की संवेदनशील पंक्तियों ने भावनाओं की गहराई को स्वर दिया। दिल ऐसे मुब्तला हुआ तेरे मलाल में, जुल्फें सफेद हो गई उन्नीस साल में। इक बार मुझ को अपनी निगहबानी सौंप दे, उम्रें गुजार दूंगी तेरी देख-भाल में। रविंदर कुमार सुकून ने समाज की विडंबनाओं को यूँ अभिव्यक्त किया। सफर की राहतें ठुकरा रहे हैं, हम



अपने साथ चलते जा रहे हैं। जमीं का गम नुमाया हो गया है, नए पेड़ों पे पत्थर आ रहे हैं। यासिर ईनाम ने प्रेम और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त संदेश दिया। आप नफरत को मुहब्बत से बदल सकते हैं, ये वो सिक्के हैं जो हर दौर में चल सकते हैं। पेड़ कटने से ही बनती है कोई बैसाखी, मैं गिरूंगा तो कई लोग संभल सकते हैं। शब्दों की यह शाम लंबे समय तक स्मृतियों में गूंजती रहेगी, क्योंकि यहां शायरी केवल सुनाई नहीं गई, बल्कि महसूस की गई।




# ऋषभ एकेडमी में धूमधाम से मना होली उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऋषभ एकेडमी में शनिवार को होली का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फूलों की होली खेलकर आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।

इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



# सुभारती में हुआ रंगोत्सव एलुमनाई मीट, होली मिलन समारोह

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय के एलुमनाई ट्रस्ट द्वारा आयोजित एलुमनाई होली मिलन समारोह 'रंगोत्सव' हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विवि के विभिन्न संकायों के 150 से अधिक पूर्व छात्रों ने सहभागिता की और रंगों के इस पर्व को आपसी सौहार्द, स्मृतियों और नवसंकल्पों के साथ मनाया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, संगीत, हास्य-व्यंग्य और पारंपरिक होली गीतों ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए विवि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, जो स्वयं भी विवि की पूर्व छात्र हैं, ने अपने संदेश में कहा कि रंगोत्सव केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे रिश्तों, मूल्यों और संस्कारों का उत्सव है। सुभारती विश्वविद्यालय ने हमें जो शिक्षा और जीवन दृष्टि दी है, वह हमें जीवनभर जोड़कर रखती है। एलुमनाई नेटवर्क विवि की सबसे बड़ी शक्ति है, और आप सभी की उपलब्धियां ही हमारी वास्तविक पहचान हैं। एलुमनाई ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ. नुपुर कौशिक ने कहा कि रंगोत्सव के माध्यम से हम केवल होली नहीं मना रहे, बल्कि हम अपने पुराने संबंधों को फिर से जीवंत कर रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया। स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों और रंग-गुलाल के साथ कार्यक्रम का समापन सामूहिक फोटोग्राफी एवं 'होली मिलन' के रंगा. रंग आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. रुबी राजपूत, डॉ. राखी झा, डॉ. शाजिया, डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. सपना, इंजी. गुरुसेवक केसरवानी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. दानिश नोमान, अरशद, डॉ. अमित पुनिया, डॉ. अंकित सिंह जादौन, डॉ. संगीता, डॉ. दीपेश, नवदीप सिंह, दाउद चौहान, सरल कादियान, डॉ. अनुज, डॉ. नीतू, डॉ. आकांक्षा आदि उपस्थित रहे। वहीं एक और अन्य कार्यक्रम में एनबीएससीएफएफ में एलुमनी मीट 2026 का सफल आयोजन किया गया। सुभारती विश्वविद्यालय, के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन, ललित कला संकाय द्वारा एलुमनी मीट 2026 का सफल आयोजन किया गया।

# डीओ मनोज के खिलाफ डेयरी संचालकों का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट में भारी तादाद में पहुंचे डेयरी संचालकों ने लगाए गंभीर आरोप, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खाद्य विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में सहारनपुर डेरी कल्याण समिति से जुडे डेरी कारोबारियों ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और डीओ मनोज वर्मा पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

आज समिति से जुडे कारोबारी भारी तादाद में अध्यक्ष धीरज नरूला के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने खादय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डेरी संचालकों का कहना था कि हाल ही में डी.ओ. मनोज वर्मा ने एक डेयरी व्यापारी से एक लाख रुपये की मांग की थी। जब व्यापारी द्वारा यह मांग पूरी नहीं की गई तो संबंधित अधिकारी ने चौपड़ा डेयरी के पांच सैंपल भर दिए। समिति का आरोप है कि उक्त अधिकारी प्रतिष्ठित डेयरियों से प्रति छह माह 50,000 रुपये तथा छोटी डेयरियों से 21,000 रुपये की अवैध धनराशि वसूलते हैं।



समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि डी.ओ. मनोज वर्मा के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें विचाराधीन हैं। हाल ही में भारतीय किसान यूनियन द्वारा भी उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी एवं व्यापारियों से माफी मांगी थी। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मनीष बंसल से मांग की कि डी.ओ. मनोज वर्मा की संपत्ति की जांच कराई जाए, क्योंकि उन्होंने कम समय में काफी संपत्ति अर्जित की है। समिति का कहना है कि सैंपलिंग की प्रक्रिया को केवल बहाना बनाकर व्यापारियों से अवैध धन उगाही की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सैंपल लेते समय न तो कोई रसीद दी जाती है और न ही सैंपल नंबर प्रदान किया जाता है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि संबंधित अधिकारी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगे और बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर महामंत्री सत्यम पाल, कोषाध्यक्ष शिवम भंडारी, के. सत्तार, बेनी बजाज, रविंद्र चौपड़ा, नीरज जैन, कुणाल जैन, कुणाल अरोड़ा, मोहम्मद मोहसिन, मिगलानी, राजीव गुंबर, विनोद भंडारी, विकास कुमार पांडे, नितिन चुघ, नीरज धींगरा सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# रंगोली में दिखी सांस्कृतिक विरासत की झलक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद की अंतर महाविद्यालय रंगोली प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की झलक रंगों में देखने को मिली।

जे वी जैन कालेज में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ आरएसएस विभाग प्रचारक आशुतोष, विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रो.आई सी जैन, सचिव मोहित जैन व प्राचार्य डा.वकुल बंसल ने किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती रचना अग्रवाल, डा.सीमा शर्मा, डा.रेनू अग्रवाल, श्रीमती रिचा मित्तल, श्रीमती शिवानी सिंह, श्रीमती रूपाली जैन शामिल रहे। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। जे वी जैन कालेज ने प्रथम, महर्षि दयानंद ने द्वितीय और रामदूत कालेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में अतिथियों ने विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये। इस दौरान संयोजक प्रो.पंकज गुप्ता, डा.संदीप गुप्ता, प्रो.सीमा चौधरी, डा.श्वेता बंसल, प्रो.राकेश चंद्रा, प्रो.महेश कुमार, प्रो.धर्मेंद्र कुमार, प्रो.मनु गुप्ता, डा.चित्रा जैन, डा.योगिता अरोडा, डा.सुषमा, डा. शैली, नंदराजयोग, डा.आरती मुंडन, साक्षी, वंशिका, कीर्ति, आयुषी, सिमरन आदि मौजूद रहे।

# यादगार बना संस्थापक सप्ताह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संस्थापक सप्ताह के अंतर्गत महाराज सिंह कॉलेज में चतुर्थ दिवस के अवसर पर वेल ड्रेस, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार रहे। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर प्रवीण कादियान ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, सृजनात्मकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. गुरदेव सिंह एवं मानसी ने किया।



वेल ड्रेस प्रतियोगिता में सभ्यता एवं रिया ने प्रथम, अलीशा एवं अर्जुन शर्मा ने द्वितीय तथा देव कुमार, दीपाली एवं माही धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में रिया सिंह प्रथम, अफसा द्वितीय तथा अनु तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में सना ने प्रथम, महिमा ने द्वितीय एवं आयशा सैफी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रोफेसर संजय गुप्ता, प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर पूनम यादव, प्रोफेसर दिनकर मलिक, प्रोफेसर संदीप कुमार, डॉ. मीनाक्षी एवं डॉ. संजीव कुमार का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों के उत्साह और शिक्षकों के मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफल एवं यादगार रहा

## शराब तस्कर पकड़ा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन सिंह के निर्देश पर अवैध शराब की रोकथाम एवं इस धंधे में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे चौकिंग अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में एक शराब तस्कर वाहिद पुत्र वाजिद निवासी मौहल्ला सिराज कालोनी गालिब बंजारा की दुकान के पास थाना मंडी को अमन पैलेस चिलकाना रोड के पास से दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# कुलपति व मंडलायुक्त ने देखे बच्चों के मॉडल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला विज्ञान क्लब सहारनपुर के माध्यम से ज्ञान साझेदार विज्ञान भारती के सहयोग एवं महाराज सिंह कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रदर्शनी में आये माँडलों तथा नवाचारों से प्रेरणा लेकर शोध कार्यों के लिए विद्यार्थियों को अतिथियों ने उत्साहवर्द्धन करते हुए प्रेरित किया।



शुभारम्भ मुख्य अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार, मुख्य वक्ता पर्यावरण विज्ञान विभाग जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के टीवी सहायक प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मी कुमार, महाराज सिंह कॉलेज सचिव रवि सिंघल, मदन पाल, प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार, विज्ञान भारती संयोजक संजीव मित्तल, समन्वयक विज्ञान क्लब अम्बरीश कुमार ने किया। समापन सत्र की मुख्य अतिथि कुलपति माँ शाकुम्भरी देवी डॉ. विमला वाई द्वारा अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को नए-नए शोध करने के लिए प्रेरित किया। मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने नोबल पुरस्कार विजेता भारत रत्न डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमण को स्मरण कर वैज्ञानिक मानसिकता को विकासित करने हेतु प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को विज्ञान रटने की अपेक्षा समझने का विषय बताया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक द्वारा डॉ. लक्ष्मी कुमार टी.वि. द्वारा दिये गये ज्ञान से भरपूर व्याख्यान के लिए आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य महाराज सिंह कॉलेज प्रोफेसर अनिल कुमार द्वारा डॉ. प्रवीण काद्यान, प्रोफेसर संजय कुमार, डॉ. विवेक शर्मा, गजाला शाहीन, डॉ. दीक्षा सिंह, जेबा हमीद, मानसी गर्ग आदि विद्यालय आयोजन समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। ज्ञान साझेदार विज्ञान भारती की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष संजय किशोर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संयोजक संजीव मित्तल, सचिव दीपक अगवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष डॉ. रंजना चौधरी, डॉ. रोशन लाल, डॉ. एस.के.अग्रवाल आदि का आभार व्यक्त किया गया। वाद-विवाद में चाँदनी, पायल, तान्या तथा नन्दनी ने अपने अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी सीनियर वर्ग में अजमल, मरियम, हुरैन, रितेश, आरूषी, मरियम ने प्रथम स्थान आशीष एवं जैनब ने द्वितीय तथा तजकीरा, सृष्टि, किरण ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अक्षय ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय तथा अंशुल सैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** होली का खुमार अभी से चढने लगा है क्षेत्र के स्कूलों मे रंग अबीर उडाकर शनिवार को होली मिलन मनाया गया।सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में रंगों का पावन पर्व होली अत्यंत उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया।

विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे गुलाल, मधुर संगीत और विद्यार्थियों की प्रसन्न मुस्कान से सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने होली के महत्व पर आधारित नृत्य, गीत एवं लघु नाटिका की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने "से नो टू केमिकल कलर्स" और "इको-फ्रेंडली होली" का संदेश देते हुए प्राकृतिक रंगों के उपयोग का संकल्प लिया। विद्यालय में सूखी और सुरक्षित होली खेली गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश प्रसारित हुआ।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। हमें अपने जीवन से ईर्ष्या, द्वेष और नकारात्मकता को मिटाकर स्नेह, करुणा और सद्भाव के रंग भरने चाहिए। सच्ची होली वही है जो दिलों को जोड़े।

समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर डायरेक्टर कोणार्क चौधरी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजन, राजेश कुमार, केशव अग्रवाल, किरण, स्वाति, पूनम, रजनी,, वैशाली, सुनीता, बंदना, निधि, शगुन, हेमा, पारुल, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, शिवानी, सोनिया, शिवांशु, रमन, अजय, सौरभ, अभिषेक, दलजीत, प्रदीप, रोहित, पूजा, उपस्थित रहें।

इसके अलावा नैशनल मॉडल इंटर कॉलेज, रामकृष्ण परमहंस इंटर, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल, सेंट थॉमस एकेडमी आदि मे भी होली मिलन किया गया

## पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** किसानों की बढ़ती आर्थिक बदहाली और नीतिगत चुनौतियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन नई क्रांति ने जोरदार आवाज बुलंद की।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए कहा कि देश का अन्नदाता कर्ज, लागत वृद्धि और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे में ठोस और प्रभावी निर्णय समय की मांग हैं। शनिवार को राष्ट्रीय महासचिव चौधरी कुलबीर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान तहसील मुख्यालय पहुंचे। किसानों ने कहा कि बढ़ती लागत और घटती आय के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है, इसलिए एकमुश्त कर्जमाफी की नीति लागू की जाए।

# 53 सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रेलवे पेंशनर्स समाज के निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 53 सदस्यों के स्वास्थ्य का परीक्षण का उचित परामर्श दिया गया।

संस्था कार्यालय पर आयोजित शिविर में डॉ संदीप धातिक एवं डॉ सत्या सागर ने शिविर में सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिए। बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर प्रवेश गैरोला ने अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओ एवं वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट के बारे में जानकारी दी। टीम में मीना, प्रियंका, पूजा, आंचल, कामिनी, निकुंज, करण, निखिल कुमार सहयोगी रहे। संस्थापक आर सी शर्मा ने आए हुए चिकित्सकों एवं उनकी टीम का अंग वस्त्र पहना कर सम्मान किया, संस्था के बारे में जानकारी दी एवं नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला।



इस दौरान अजय शर्मा, देवेंद्र कुमार, विजय तलवार, मूलचंद रॉगड़ा, अमरनाथ त्यागी, विजय त्यागी, वेद प्रकाश, स्वतंत्र भारद्वाज, आर के धीगड़ा, वी के शर्मा, बलजीत जायसवाल, इकबाल अजीम, संजीव छाबड़ा, राम प्रकाश शर्मा, अजीत राणा, संतोष, भावना आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष जे एन शर्मा ने एवं संचालन महामंत्री एन एस चौहान ने किया।

## लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक व सिलेंडर किए वितरित

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आज जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक एवं गैस सिलेंडर प्रदान किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में उज्ज्वला योजना के तहत 1500 करोड़ की धनराशि के 1.86 करोड़ परिवारों को नि:शुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। विधायक नगर राजीव गुंबर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेंद्र निम, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से 400 लाभार्थियों को प्रीतकात्मक चेक एवं गैस सिलेण्डर प्रदान किये गए।

# दो को आएंगे मोहित बेनीवाल: बिजेंद्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद मोहित बेनीवाल आगामी 2 मार्च को ग्राम अंबोली गढी मे आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत द्वारा कराए गए विकास कार्यो का उद्घाटन एंव किसान संवाद करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिजेंद्र चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजीत सिंह राणा का अभिनन्दन भी किया जायेगा। कार्यक्रम मे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों के साथ आम जन की सहभागिता रहेगी। उन्होने बताया जिला पंचायत द्वारा वनायी गयी सड़कों के निर्माण से गांव में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी ग्रामीणों को राहत मिलेगी। उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत मोहित बेनीवाल क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद करेंगे। किसान संवाद कार्यक्रम में खेती से जुड़ी समस्याओं, गन्ना भुगतान, सिंचाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान पपिन चौधरी,सतेंद्र वैदिक, मानसिंह सैनी, कपिल डावर, पवन त्यागी, अवनीश चौधरी, दिनेश आर्य आदि भी उपस्थित रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021-22 अनुक्रमांक 1220527160 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2023-24 अनुक्रमांक 2245465158 वास्तव में कहीं खो गए हैं।

**आयुषी भारद्वाज** पुत्री **प्रदीप कुमार मिश्रा**, ग्राम व पोस्ट नागल, जिला सहारनपुर।


# छुटमलपुर में जोर पकड़ रहा मिलावट का धंधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोरों ने ग्रामीण क्षेत्रों में कमर कस ली है छुटमलपुर कस्बे में मिलावटी मावा और सिंथेटिक दूध से बनी मिठाइयों का धंधा तेजी से बढ़ रहा है मुजफ्फराबाद बिहारीगढ़ गागलहेडी जैसे आसपास के ग्रामीण बाजारों में यह समस्या सबसे ज्यादा है त्योहारी सीजन में मिठाई मावा और दूध की मांग अचानक बढ़ जाती है लेकिन शुद्ध उत्पादन की कमी का फायदा उठाकर मिलावटखोर सस्ती और जहरीली सामग्री से मोटा मुनाफा कमा रहे हैं सिंथेटिक दूध यूरिया, डिटर्जेंट और केमिकल से तैयार मावा लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बन गया है।



ग्रामीण इलाकों के बाजार मिलावटखोरों के लिए सबसे सुरक्षित ठिकाना साबित हो रहे हैं, जहां जांच कम होती है और सस्ते दामों पर नकली सामान आसानी से बिक जाता है विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद पहले कोई ठोस रोकथाम नहीं थी, जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद थे अब होली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने पूरे सहारनपुर जिले में अभियान तेज कर दिया है। हालिया कार्रवाइयों में रामपुर मनिहारान में एक पनीर फैक्ट्री पर छापा मारकर 6.5 क्विंटल से अधिक मिलावटी पनीर जब्त किया गया जिसे मौके पर नष्ट कर दिया गया। कमेला कॉलोनी में एक अन्य फैक्ट्री से 1500 लीटर दूध और 5 क्विंटल पनीर बरामद हुए, जहां टॉयलेट क्लीनर और अस्वच्छ हालत में सामान रखा मिला। मिगलानी बिल्डिंग की डेरी पर 2000 लीटर मिलावटी दूध जब्त हुआ, जो शौचालय के पास रखा था पूरे यूपी में होली से पहले हजारों किलो मिलावटी मावा पनीर, तेल और मिठाइयां जब्त की गई हैं जिसमें सहारनपुर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र शामिल हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन में विशेष टीमों द्वारा लगातार छापेमारी हो रही है, लेकिन ग्रामीण बाजारों में अभी भी मिलावट खुलेआम चल रही है

मिलावट से पेट दर्द, उल्टी दस्त, लीवर और किडनी की बीमारियां हो सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारों पर मिठाई-मावा खरीदते समय हमेशा लाइसेंस वाली दुकानों से लें, पैकेज्ड सामान चुनें और पै‌‍ मार्क चेक करें ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बरतें।

# रक्तदान जागरूकता को निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** सन्त निरंकारी मिशन के तत्वाधान में मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली आगामी 8 मार्च माह में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के उपलक्ष्य में निकाली गई। जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करना और मानवता की सेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रैली का शुभारंभ सहारनपुर रोड़ स्थित सत्संग भवन से संयोजक धीर सिंह निरंकारी ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और यह नि:स्वार्थ सेवा ही सच्ची भक्ति का स्वरूप है। रैली सत्संग भवन से प्रारंभ होकर ककराला, सढोली पिल्खना, पिलखनी, रणदेवी, नगली नगर, नकुड़, नीची नकुड़, आध्याना, चंद्रपाल खेड़ी, भैरमऊ, जैनपुर सहित विभिन्न गांवों से होकर गुजरी। जिनका जगह जगह ग्रामीणों ने रैली का स्वागत किया तथा मिशन के सेवा कार्यो की सराहना की। रैली में शामिल सेवादारों ने रक्तदान जीवनदान का संदेश देते हुए लोगों से आगामी शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की। पूरे आयोजन में अनुशासन, सेवा भावना और मानव एकता का संदेश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ।




# आग से दो लाख का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला में एक घर के आंगन में खडी दो बाइको व स्कूटी सहित अन्य सामान में अज्ञात कारणों के चलते आग लगने से पीड़ित को लगभग दो लाख रूपये का नुकसान हुआ।

मोहल्ला कोठीवाला निवासी आमिर खान पुत्र अख्तर आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रोजमर्रा की भांति शनिवार को शहरी में उठकर रोजा रखने के लिए शहरी खा कर सो गया था। जैसे ही वह सुबह के समय जागा तो देखा उसके घर के आंगन में खडी दो बाइकों व एक एक्टिवा स्कूटी सहित वाशिंग मशीन व चारपाई में आग लगी हुई थी।

**सुल्तानपुर नगर के मौहल्ला कोठीवाला में हुई आग की घटना**

पीड़ित के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्यों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर बामुश्किल काबू पाया लेकिन जब तब आग पर काबू पाया गया तब तक लगभग दो लाख रूपये का सामान जलकर बेकार हो गया। पीड़ित द्वारा आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी करने का काफी प्रयास किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर आग के कारणों का पता लगाकर अज्ञात के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है

# एप्सटीन प्रकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कॉग्रेस महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने एप्सटीन प्रकरण को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का इस्तीफा कराए जाने और जाँच कराने के संबंध में ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है।



महिला कॉग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुँची महिला कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान समय में देश की जनता जेफ्री एप्सटीन प्रकरण को लेकर चिंतित है।जेफ्री एप्सटीन प्रकरण में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम आना चिंताजनक है।इससे देश की छवि लोकतांत्रिक मूल्यों और जन विश्वास पर गहरा आघात पहुँचा है। महिला कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन को संबंधित उच्चअधिकारियों व भारत सरकार तक पहुंचाने और उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जाँच, जाँच पूरी होने तक केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का तत्काल इस्तीफा,दोष सिद्ध होने पर उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाही सुनिश्चित किए जाने की माँग की।

इस दौरान श्रीमती सीता भारद्वाज, रेखा धीमान, निशात, प्रीति, तृप्ति, राखी, पूजा, रुखसार आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

